दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 82

महत्वपूर्ण एवं खास

दिल्ली कूच में किसान की मौत, किसानों पर अत्याचार से परेशान होकर सलफास निगला

पटियाला (आरएनएस)। दिल्ली कूच के दौरान एक किसान की मौत की खबर सामने आई है। मृतक किसान, रणजोध सिंह, किसानों की प्रताडऩा से परेशान होकर सलफास निगल लिया था। उनका इलाज पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में चल रहा था, लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी रही और उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शेरे पंजाब किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरिंदर सिंह भंगू ने राजिंदरा अस्पताल पहुंचकर मृतक किसान रणजोध सिंह के मामले में प्रशासन से बातचीत शुरू कर दी। गुरिंदर सिंह भंगू ने प्रशासन से आग्रह किया कि जब तक वह किसान के परिवार से उचित संवाद नहीं करेंगे, तब तक रणजोध सिंह का पोस्टमॉर्टम नहीं किया जाएगा। गुरिंदर सिंह भंगू ने कहा, रणजोध सिंह का स्वाभाविक निधन नहीं हुआ है। वह अपने ऊपर हो रहे अत्याचार और किसानों पर हो रहे जुल्मों को देखकर इतना हताश हो गए थे कि उन्होंने यह गंभीर कदम उठाया। हम प्रशासन से न्याय की उम्मीद रखते हैं। यह घटना किसानों के लिए एक बड़ा आघात साबित हुई है और यह प्रदर्शन की गंभीरता को और बढ़ा सकती है। किसान यूनियनों का कहना है कि यह कदम सरकार की नीतियों और प्रशासनिक कार्रवाई से दुखी होकर उठाया गया है।

राहुल गांधी की नागरिकता मामले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट करेगा सुनवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर डाली गई जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के जवाब दाखिल करने के बाद इस मामले को लेकर दायर याचिका पर 19 दिसंबर तक निर्णय लेने को कहा था। न्यायमूर्ति अत्ताउ रहमान मसूदी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने एस विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया था, जिन्होंने गांधी की नागरिकता पर सवाल उठाए थे और इस मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की थी। दावा किया गया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पास यूनाइटेड किंगडम (यूके) की नागरिकता है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं, जो दर्शाते हैं कि गांधी ब्रिटिश नागरिकता रखते हैं। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया कि गांधी की दोहरी नागरिकता के बारे में उन्होंने दो बार सक्षम प्राधिकारी को शिकायत भेजी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर यह मौजूदा याचिका दाखिल की गई है। इस पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा तलब किया था। याचिका में राहुल गांधी के निर्वाचन को रद्द करने के साथ ही उनके खिलाफ सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है। याचिकाकर्ता ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को रोकने का भी आग्रह किया था, लेकिन कोर्ट ने अभी इस पर कोई फैसला नहीं दिया है।

जयपुर में इवेंट और टेंट कारोबारियों पर आयकर विभाग का छापा, 24 ठिकानों पर छानबीन जारी

जयपुर (आरएनएस)। शहर में गुरुवार सुबह आयकर विभाग ने टेंट कारोबारियों और इवेंट कंपनियों से जुड़े व्यापारियों के ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की है। यह कार्रवाई सुबह 7:30 बजे शुरू हुई, जिसमें विभाग की टीमें एक साथ शहर के 24 से अधिक स्थानों पर पहुंचीं।छापेमारी के तहत बनीपार्क, झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, मालवीय नगर, राजा पार्क, आदर्श नगर और वीकेआई जैसे इलाकों को टारगेट किया गया। तलाशी में प्रमुख नामों में तालुका टेंट, भावना चारण, प्रितेश शर्मा, आनंद खंडेलवाल, गुंजन सिंघल और जय ओबराय कैटर्स शामिल हैं। इस ऑपरेशन में 140 आयकर अधिकारियों, 70 ड्राइवरों, और 80 पुलिसकर्मियों की टीमें तैनात की गईं। तलाशी व्यापारी के घरों, दफ्तरों, और गोदामों तक विस्तारित की गई है। छानबीन में पाया गया कि कई जगह बिल बुक नहीं मिली, जिससे नकद लेनदेन और टैक्स चोरी की संभावना का पता चलता है। ऑनलाइन रिकॉर्ड और डिजिटल डेटा को भी खंगाला जा रहा है। प्रारंभिक जांच में संकेत मिला है कि ये व्यापारी अधिकांशत: ग्राहकों से ऑफलाइन भुगतान ले रहे थे, जिससे टैक्स चुकाने में गड़बड़ी की संभावना है। आयकर विभाग अब इनकी लेखा पुस्तकों और डिजिटल लेनदेन की गहराई से जांच कर रहा है।

मुंबई बोट हादसा

रेस्क्यू ऑपरेशन तेज, 110 लोगों को बचाया गया, 13 की मौत

मुंबई । आरएनएस

मुंबई में बोट हादसे में अब तक 110 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। मुंबई पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी के लिए दो और बोट को भेज दिया है। इसके अलावा, मुंबई पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।शुरुआती जांच में पता चला है कि किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी।

बता दें कि मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट करंजा के उरण में पलट गई थी।

नीलकमल बोट में 30 यात्री सवार थे। हालांकि, अब तक बोट पर सवार यात्रियों की सही संख्या का पता नहीं चल पाया है। नौसेना, जेएनपीटी, तटरक्षक बल, येलोगेट पुलिस स्टेशन की 3 बोट और स्थानीय मछुआरों की मदद से घटनास्थल पर बचाव और राहत अभियान चलाया।

घटना की वीडियो भी सामने आया था, जिसमें देखा जा सकता है कि बोट धीरे-धीरे पानी में डूब रही है। लोगों को लाइफ जैकेट पहनाकर दूसरी नावों में शिफ्ट किया जा रहा है।

बीएमसी आपदा नियंत्रण ने बताया कि नीलकमल नाम की एक निजी यात्री बोट बताया जा रहा है, करीब 110 पर्यटकों और पांच चालक दल के सदस्यों को लेकर विश्व प्रसिद्ध यूनेस्को हेरिटेज एलीफेंटा द्वीप पर जा रही थी और यह दुर्घटना शाम करीब 5.15 बजे हुई।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंजन परीक्षण से गुजर रही भारतीय नौसेना की तेज गति नाव से 'नीलकमल' टकरा गई, जिससे नाव पलट गई और अधिकांश पर्यटक गेटवे ऑफ इंडिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर रायगढ़ तट पर उरण, करंजा के पास अरब सागर में गिर गए।

सूत्रों ने बताया कि नौका 'नीलकमल' अचानक टक्कर लगने से टूट गई, पलट गई और डूबने लगी तथा यात्री समुद्र में गिर गए।

विपत्ति के बारे में कई स्रोतों से एसओएस प्राप्त होने पर, भारतीय नौसेना के चार हेलीकॉप्टरों और मरीन पुलिस, भारतीय तटरक्षक, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण सहित 15 अन्य जहाजों द्वारा स्थानीय मछुआरों और अन्य नौकाओं के साथ पीड़ितों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया।

पोत के मालिक राजेंद्र पडटे ने कहा कि 'नीलकमल' दोपहर करीब 3.15 बजे एलीफेंटा द्वीप के लिए अपनी नियमित पर्यटन यात्रा पर रवाना हुआ था और मुश्किल से कुछ घंटों बाद ही इस त्रासदी की सूचना मिली, लेकिन यह हमारी गलती नहीं थी।

पडटे ने मीडियाकर्मियों को बताया, एक भारतीय नौसेना की स्पीडबोट ने पहले मेरी नाव को घेरा, फिर तेजी से आगे बढ़ी और फिर से तेज गति से वापस आकर 'नीलकमल' से टकरा गई। सभी पर्यटकों ने लाइफ जैकेट पहन रखी थी, जो अब अनिवार्य है। एक दर्जन से अधिक अन्य नावें बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

घटनास्थल पर मौजूद भारतीय किसान एवं श्रमिक पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के महासचिव और पूर्व विधायक जयंत पी. पाटिल ने संबंधित अधिकारियों की कड़ी आलोचना की, जिसके परिणामस्वरूप यह त्रासदी हुई और इसके तुरंत बाद 'नीलकमल' पानी में डूब गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शाम मुंबई में नौसेना के जहाज और नागरिक यात्री नाव की टक्कर पर दुख व्यक्त किया।

उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये और दुर्घटना में घायल हुए सभी लोगों के लिए 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में विधानसभा में एक संक्षिप्त बयान दिया, जबकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए मुंबई शहर के कलेक्टर संजय यादव और रायगढ़ कलेक्टर किसन जावले, साथ ही पुलिस उपायुक्त (बंदरगाह क्षेत्र) सुधाकर पठारे से बात की।

दौसा में नई मंडी रोड पर कपड़े के गोदाम में लगी आग, 5 दमकल, 7 टैंकरों ने 3 घंटे में बुझाई

दौसा । आरएनएस

शहर के नई मंडी रोड पर एक कपड़े के गोदाम में गुरुवार सुबह आग लग गई। इसमें लाखों रुपए का कपड़ा जलकर खाक हो गया। आग इतनी विकराल थी कि से बुझाने में करीब तीन घंटे लग गए। आग बुझाने में पांच दमकल और सात टैंकर लगाए गए। जेसीबी से गोदाम की दीवार को तोड़ा गया। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 6:00 बजे रमन वधावन के कपड़े के गोदाम में आग लग गई। गोदाम में सिंथेटिक व वूलन कपड़ा भरा हुआ था। इससे आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर दमकल मौके पर पहुंच गई।

नगर परिषद सभापति कल्पना जैमन के पति नरेंद्र जैमन भी मौके पर पहुंच गए। आग पर काबू पाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत की। आग पर काबू नहीं पाया तो जेसीबी बुलाकर गोदाम की दीवार को तुड़वाया गया। आग लगने पर आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। शेखावाटी स्कूल के पीछे नई मंदिर रोड पर रमन वधावन का मकान और उसके पीछे सटा हुआ कपड़ों का गोदाम है। इस गोदाम के ऊपर बिजली की लाइन है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बिजली के तारों पर बंदरों की उछाल कूद से हुई स्पार्किंग से आग लगी है। हालांकि तकनीकी विशेषज्ञों ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन आग लगने का कारण शार्ट सर्किट ही माना जा रहा है। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाए जाने से आसपास के नागरिकों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। लेकिन इस आग में लाखों रुपए का कपड़ा जलकर खाक हो गया है।

यूपी के शाहजहांपुर में ट्रक ने कार को मारी टक्कर, पांच की मौत

शाहजहांपुर । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बीती रात ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार पांच लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए।

पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। एक परिवार के तीन लोगों की मौत से कोहराम मच गया। इसी परिवार के तीन लोग घायल भी है।

जानकारी मिलने के बाद डीएम, एसपी, एसपी सिटी पुलिस बल के साथ राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। डीएम ने बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए हैं। यह घटना थाना मदनापुर क्षेत्र में हुआ है।

थाना कांट क्षेत्र के नवादा जिले के रहने वाले 40 साल के रियासत अली, 38 साल की पत्नी आमना बेगम, 7 साल की बेटी गुडिय़ा, खुशी, सुबहान और अरमान के साथ अपनी कार से दिल्ली जाने के लिए देर रात नौ बजे निकले थे। अर्टिगा कार में उनकी जान पहचान का एक और परिवार बैठा था। घर से निकलते ही जैसे ही कार मदनापुर के बरखेड़ा के पास पहुंची। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार चला रहे रियासत उनकी पत्नी आमना बेगम और उनकी छह साल की बेटी गुडिय़ा की मौके पर मौत हो गई। जबकि रियासत की बेटी खुशी, बेटे आरमान और सुबहान घायल हो गए। हादसे में कार में ही बैठी सात साल की नूर की मौत हो गई और उसकी मां गुलफशा घायल है। वहीं इसी कार में बैठी अन्नू की भी मौत हो गई। जबकि कार में बैठा उनका बेटा अंश घायल हो गया।

सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर शवों को मारचरी में रखवा दिया है। जबकि घायलों का इलाज किया जा रहा है।

हादसे की जानकारी मिलते ही राजकीय मेडिकल कालेज के तीन डाक्टरों की टीम और पूरे स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया। घायलों का इलाज कर उनको वार्ड में शिफ्ट किया गया। उसके बाद डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश एस और एसपी सिटी संजय कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। डीएम और एसपी ने घायलो से बातचीत कर उनको हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उसके बाद डीएम ने डाक्टर से बातचीत कर बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।

पिछले 7 वर्षों में भारतमाला परियोजना के तहत 18,714 किलोमीटर राजमार्गों का हुआ निर्माण : नितिन गडकरी

नई दिल्ली । आरएनएस

संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतमाला परियोजना के तहत 31 अक्टूबर, 2024 तक कुल 26,425 किलोमीटर लंबाई वाली राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और 18,714 किलोमीटर लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण किया गया है।

भारतमाला परियोजना को भारत सरकार ने 2017 में मंजूरी दी थी, जिसमें देश में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए 34,800 किलोमीटर की लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण शामिल है।

सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस साल 30 अक्टूबर तक भारतमाला परियोजना के तहत 4.72 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंदरगाह और तटीय संपर्क सडक़ श्रेणी के तहत, 424 किलोमीटर लंबाई वाली 18 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और अब तक 189 किलोमीटर का निर्माण किया गया है।

भारतमाला योजना के तहत अलग-अलग परियोजनाएं गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित अलग-अलग तटीय राज्यों में विभिन्न प्रमुख और छोटे बंदरगाहों को कनेक्टिविटी प्रदान कर रही हैं।

एक दूसरे सवाल के जवाब में नितिन गडकरी ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर 81,540 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत कुल 3,856 किलोमीटर लंबाई वाली 190 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

सभी निर्माणाधीन कार्यों को सितंबर 2028 तक पूरा करने की योजना है। राज्य में सभी एनएच कार्यों के लिए राज्यवार और वर्षवार आवंटन किया जाता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनएच कार्यों के लिए कुल 19,338 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं। इनमें भूमि अधिग्रहण को सुव्यवस्थित करना और विवाद समाधान मैकेनिज्म को नया रूप देना शामिल है।

भूमि अधिग्रहण, मंजूरी के मामले में पर्याप्त तैयारी के बाद ही परियोजनाएं आवंटित की जा रही हैं, ताकि बाद में होने वाली देरी से बचा जा सके।

संबंधित मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ कोर्डिनेशन किया जा रहा है और काम में तेजी लाने के लिए विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा की जा रही है।

कार्यक्षेत्र में बदलाव और समय विस्तार के प्रस्तावों को मंजूरी देने में भी तेजी लाई जा रही है।

केंद्रीय मंत्री ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा, इसके अलावा, काम की मंजूरी से पहले नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप का वैल्यूएशन किया जा रहा है, ताकि मंजूरी से जुड़ी परियोजना के मुद्दों की पहले ही पहचान की जा सके और उनका समाधान पहले से ही निकाला जा सके।

तेंदुए की घुसपैठ से हडक़ंप, वाइल्डलाइफ टीम ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद किया काबू

रेवाड़ी । आरएनएस

हरियाणा के रेवाड़ी जिले के कनुका गांव में बुधवार देर शाम तेंदुए की घुसने से अफरा-तफरी मच गई। तेंदुआ एक प्लॉट में बने टीन शेड में घुसकर आराम करने लगा। गांव के एक युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए टीन शेड का गेट बंद कर दिया और तुरंत वन्यजीव विभाग को सूचना दी।

गुरुग्राम से वाइल्डलाइफ टीम पहुंची, लेकिन जैसे ही शेड का दरवाजा खोला गया, तेंदुआ दौड़ते हुए इधर-उधर भागने लगा। इस घटना से गांववालों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने अपने घरों और पशुओं के कमरों के दरवाजे बंद कर दिए।

वन्यजीव टीम ने लगभग 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को पकडऩे में सफलता पाई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी व्यक्ति या जानवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। तेंदुए को सुरक्षित रूप से पकडक़र जंगल क्षेत्र में छोडऩे के लिए ले जाया गया।

ग्रामीणों की सतर्कता और प्रशासन की तत्परता ने टाला बड़ा हादसा

गांव के युवक की सूझबूझ और वन्यजीव टीम की मेहनत से बड़ा हादसा टल गया। यह घटना वन्यजीवों और इंसानों के बीच बढ़ते टकराव की ओर भी इशारा करती है, जो जंगल क्षेत्रों के घटने और शहरीकरण के बढ़ते दबाव का परिणाम है।

इंडिया ब्लॉक ने संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की मामले पर लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

नई दिल्ली । आरएनएस

इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संसद परिसर में धक्का-मुक्की मामले को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। पत्र में इस घटना को लेकर गहरी पीड़ा व्यक्त की गई है।

पत्र में कहा गया है, संसद परिसर में हुई घटना को लेकर हम गहरी पीड़ा व्यक्त करते हैं। इंडिया अलायंस के सदस्य शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे और डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च कर रहे थे।

पत्र में कहा गया, हालांकि, जैसे ही हमने मकर द्वार से संसद में प्रवेश करने का प्रयास किया, तो विरोध करने वाले सांसदों को प्रवेश करने से रोका गया। हम आपके ध्यान में यह भी लाना चाहेंगे कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ सत्ता पक्ष के तीन सांसदों ने मारपीट की। यह विपक्ष के नेता को दिए गए विशेषाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है और एक सांसद के रूप में उनकी आधिकारिक क्षमता में उन्हें दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है।

पत्र में कहा गया, उनका आचरण न केवल राहुल गांधी की व्यक्तिगत गरिमा पर जबरदस्त हमला था, बल्कि हमारी संसद की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत था। हमें उम्मीद है कि आप इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना में घायल हुए भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत का हालचाल जाना।

पीएम मोदी के अलावा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रल्हाद जोशी ने अस्पताल पहुंचकर भाजपा सांसद प्रताप सारंगी से मुलाकात की।

टीडीपी सांसद बायरेड्डी शबरी और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है।

सांसद प्रताप सारंगी ने बताया, मैं सीढिय़ों पर खड़ा था। तभी राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया और वह मेरे ऊपर गिर गए। जिससे मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई।

इस पूरे मामले पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का कहना है कि कैमरे में सब कैद होगा। उन्होंने कहा, मैं सदन में जाने की कोशिश कर रहा था। इस बीच, भाजपा के सांसदों ने मुझे धकेला और धमकाया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को भी धक्का लगा। हमें धक्का-मुक्की से कुछ नहीं होता है। हम संसद के अंदर जा रहे थे। भाजपा के सांसद हमें संसद जाने से रोक नहीं सकते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि संसद में जाना उनका अधिकार है। उन्होंने कहा, मुझे कोई रोक नहीं सकता है। मैं संसद के भीतर जाना चाहता था। लेकिन, मुझे रोका गया। भाजपा के सांसद मुझे लगातार रोकने की कोशिश कर रहे थे। वे मुझे प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश कर रहे थे। ये लोग लगातार संविधान पर प्रहार कर रहे हैं। ये लोग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की स्मृति को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।